**जनपद गौतमबुद्धनगर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्त्रोत स्थिरता कार्ययोजना के अनुमोदन एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु दिनांक 27.04.2026 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, गौतमबुद्धनगर की बैठक मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2026 को सम्पन्न हुई है। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी एवं अन्य नामित उपस्थित थे।

1. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
2. अधिशासी अभियंता, भूगर्भ जल विभाग, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
4. जिला कृषि अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
5. जिला मलेरिया अधिकारी, चिकित्सा विभाग, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
6. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
7. प्रतिनिधि प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
8. सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
9. अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर–सदस्य सचिव।
10. श्री महेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर।
11. मो0 आमिर, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर।
12. श्री सुमित कुमार, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर।
13. शेख मुबारक, क्यू0ए0क्यूसी0, आर0वी0 एसोसिएट, टी0पी0आई0, गौतमबुद्धनगर।
14. श्री अनमोल अग्निहोत्री, डी0सी0, मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट डी0पी0एम0यू0, गौतमबुद्धनगर।
15. श्री संजय शर्मा, प्रतिनिधि मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0– टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद।

बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

(1). **स्त्रोत स्थिरता कार्ययोजना (source Sustainability Report)**

जनपद गौतमबुद्धनगर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन/निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं एवं पूर्व निर्मित पाईप पेयजल योजनाओं के स्त्रोतों की स्थिरता हेतु राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–D.O.No. W-JJM-68/2025-JJM-VI-DDWS, दिनांक 27.10.2025 एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक–2947 दिनांक 10.12.2025 के कम में जनपद गौतमबुद्धनगर की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन कुल 85 नग योजनाओं (91 ग्राम) तथा पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन 07 नग योजनाओं (09 ग्राम) हेतु स्त्रोत स्थिरता कार्ययोजना (source Sustainability Report) अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में निर्मित/निर्माणाधीन समस्त 92 योजनाओं हेतु स्त्रोत उपलब्ध है तथा भविष्य में भी योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित नलकूपों/स्त्रोतो द्वारा उनकी डिजाईन लाईफ (30 साल) हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी तथा उक्त योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित स्त्रोतों की डिजाईन लाईफ (30 साल) के अन्तर्गत पानी की निरन्तर उपलब्धता में बाधा उत्पन्न होने की कोई सम्भावना नही है। अतः अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर हेतु प्रस्तुत स्त्रोत स्थिरता कार्ययोजना (source Sustainability Report) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, गौतमबुद्धनगर द्वारा अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया।

(2). **जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओ की प्रगति की समीक्षा**

अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद गौतमबुद्धनगर में जल जीवन मिशन के
अन्तर्गत कुल 91 ग्राम चयनित है। उक्त 91 नग ग्रामों हेतु कुल 85 नग डी0पी0आर0 निर्मित की गई है। समस्त 85 नग
डी0पी0आर0 की स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान तक कुल 83 नग योजनाओं के कार्य प्रारम्भ हुए है
तथा 02 नग योजनाओं के कार्य भूमि विवाद/खारा पानी पाये जाने के कारण प्रारम्भ नही हो सके है। 83 नग योजनाओं
में से 03 नग योजनाओं के कार्य मा0 न्यायालयों में वाद लम्बित होने, 02 नग योजनाओं के कार्य Gail की अनुमति तथा
01 नग योजना का कार्य वन विभाग से अनुमति के कारण अवरूद्ध है। अवशेष 77 नग योजनाओं में से 41 नग योजनाओं
के कार्य पूर्ण कराते हुए ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है। स्वीकृत 85 नग योजनाओं के अन्तर्गत कुल 88 नग
ट्यूबवैल, 83 नग ओवरहैड टैक, 88 नग पम्प हाउस, 699 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 88 नग सोलर सिस्टम एवं 38701 नग
पेयजल गृह संयोजन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष वर्तमान तक 86 नग ट्यूबवैल, 58 नग ओवरहैड टैक, 78
नग पम्प हाउस, 681 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 70 नग सोलर सिस्टम एवं 37375 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण
कराये गये है। योजनाओं के अन्तर्गत वितरण प्रणाली हेतु 663 कि0मी0 लम्बाई में सडक काटी गई थी जिसके सापेक्ष 651
कि0मी0 सडक की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अवशेष 12 कि0मी0 सडक को भी मोटरेबल करते हुए
आवागमन योग्य कर दिया गया है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि माह नवम्बर 2024 के पश्चात धनराशि
की अनुपलब्धता के कारण कार्यो की प्रगति बाधित रही। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक
प्रगति वाली योजनाओ हेतु धनराशि अवमुक्त की गई है। जनपद में अधिकांश योजनाओं की भौतिक प्रगति 75 प्रतिशत से
अधिक है। वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली योजनाओं के साथ–साथ 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाली
योजनाओं पर भी कार्य प्रारम्भ करा दिये गये है। निर्देश दिये गये है कि 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली योजनाओं को
तत्काल पूर्ण कराया जाये तथा धनराशि की उपलब्धता के अनुसार यथासम्भव अवशेष योजनाओं को भी पूर्ण करने की

G:/Letter File.docs-747

Scanned by Camera Scanner

कार्यवाही की जाये। साथ ही निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं के मा0 न्यायालयों में वाद लम्बित होने अथवा अन्य किसी कारणो से कार्य अवरूद्व है उनके विवादों के निस्तारण हेतु उचित कार्यवाही करते हुए योजनाओं के कार्य तत्काल प्रारम्भ कराये जाये। अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी सम्बन्धित ग्राम प्रधानों द्वारा हर घर जल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे है जिस कारण से योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण में बाधा उत्पन्न हो सकती है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये की उक्त ग्राम प्रधानों के साथ वार्ता करते हुए ग्रामो को हर घर जल सर्टिफिकेशन कराने हेतु कार्यवाही करें।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0– टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं का रोड रिस्टोरेशन का कार्य अवशेष है उन्हे तत्काल पूर्ण कराया जाये तथा यथासम्भव अधिकांश योजनाओं से जलापूर्ति चालू कर ग्रामवासियों को गर्मी के मौसम मे पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद गौतमबुद्धनगर की 82 नग Single Villages Schemes की RPWSS id बनाने का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा Multi Villages Schemes की RPWSS id बनाने की कार्यवाही जल निगम ग्रामीण मुख्यालय से समन्वय बनाते हुए की जा रही है। RPWSS id के अन्तर्गत Assets सुजलाम एप पर जियो टैगिग का कार्य प्रगति पर है। RPWSS id के अन्तर्गत सुजलाम एप पर Assets जियो टैगिग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। यह भी निर्देश दिये गये है कि कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार भारत सरकार द्वारा निर्गत Handing Over & commissioning Protocol का पालन करते हुए मा0 जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल अर्पण दिवस आयोजित कराकर सूचना JJM Dashboard 2.0 portal पर फीड कराई जाये।

अधिशासी अभियंता एवं सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि सभी कियाशील पेयजल योजनाओं पर नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा तथा तोडी/काटी गई सडको की शीघ्र मरम्मत कराई जाये। इसके अतिरिक्त जिन निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर कार्य की प्रगति धीमी है, उन पर कार्य की गति बढाते हुए उन्हे शीघ्र पूर्ण कर ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभिंयता एवं फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए योजनाओं के अन्तर्गत नियमित पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो जिससे ग्रामवासियों को ग्रीष्म ऋतु में ग्रामवासियों को निरन्तर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

11/5/26

अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव
'जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'
गौतमबुद्धनगर।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
'जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'
गौतमबुद्धनगर।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक 115 / आर्ट-74 / 115 दिनांक : 11.05.2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
3. मुख्य अभिंयता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ ।
4. मुख्य अभिंयता (मेरठ0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ ।
5. जिलाधिकारी महोदया, गौतमबुद्धनगर।
6. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गौतमबुद्धनगर।
7. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
8. प्रभागीय वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
9. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
10. जिला कृषि अधिकारी,, गौतमबुद्धनगर।
11. अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग, गौतमबुद्धनगर।
12. अधिशासी अभिंयता, भूगर्भ जल विभाग, गौतमबुद्धनगर।
13. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,, गौतमबुद्धनगर।
14. जिला सूचना एव जन सम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
15. अधिशासी अभिंयता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर।
16. प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0– टी0सी0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद/गौतमबुद्धनगर।

अधिशासी अभियंता/सदस्य सचिव

G:/Letter File.docs-747

Scanned by Camera Scanner